कुलसचिव
Registrar

माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय,
मीरजापुर
Maa Vindhyavasini University,
Mirzapur
Email- registrarmvsuniversity@gmail.com

पत्रांक– माँ वि0वि0 / कु0स0का0 / 423 / 2026–27

दिनांक–22–जून, 2026

**महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण, प्रवेश प्रक्रिया तथा परीक्षा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 20.06.2026 को आयोजित ऑनलाइन बैठक का कार्यवृत्त**

माननीय कुलपति जी, माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर की अध्यक्षता में दिनांक 20 जून, 2026 को जनपद मीरजापुर एवं सोनभद्र के समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों के साथ समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण एवं प्रवेश प्रक्रिया तथा प्रवेश संबंधी एवं परीक्षा संबंधी समस्याओं के निराकरण के संबंध में एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रवेश प्रक्रिया को अधिक सुचारु, सरल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान प्राप्त सुझावों एवं उन पर लिए गए निर्णय / स्पष्टीकरण का विवरण निम्नवत् है–

**1. समर्थ पोर्टल पर अपेक्षित सूचनाओं के संबंध में**

प्राचार्यो द्वारा अवगत कराया गया कि समर्थ पोर्टल पर विद्यार्थियों से मांगी जाने वाली सूचनाएँ अत्यधिक विस्तृत हैं, जिन्हें संक्षिप्त किए जाने का अनुरोध प्राचार्यों द्वारा किया गया। इस संबंध में कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक द्वारा स्पष्ट किया गया कि समर्थ राष्ट्रीय स्तर का पंजीकरण एवं प्रवेश पोर्टल है तथा इसकी संरचना एवं आवश्यक सूचनाएँ पूर्व निर्धारित हैं। अतः विश्वविद्यालय स्तर से इसमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना संभव नहीं है।

**2. प्रवेश प्रपत्र में त्रुटि संशोधन के संबंध में**

प्राचार्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रवेश प्रपत्र भर जाने के उपरांत यदि किसी प्रकार की त्रुटि रह जाती है तो उसके संशोधन हेतु महाविद्यालयों को आवश्यक अधिकार यथा यूजर नेम व पासवर्ड प्रदान किए जाएँ। इस पर समर्थ पोर्टल प्रभारी श्री अभिनव जी द्वारा अवगत कराया गया कि इस प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु पूर्व में ही एक ई–मेल आईडी संचालित की जा रही है। महाविद्यालय अपने स्तर पर प्राप्त त्रुटियों का विवरण हाईस्कूल के सर्टिफिकेट के साथ उक्त ई–मेल पर प्रेषित कर आवश्यक संशोधन करवा सकते हैं।

**3. स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की प्रवेश / परीक्षा संबंधी व्यवस्था**

स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों द्वारा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों से संबंधित प्रवेश कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु पृथक से प्रवेश प्रकोष्ठ / सेल के गठन का सुझाव प्रस्तुत किया गया, जिस पर विश्वविद्यालय स्तर पर विचार विमर्श किए जरने के उपरान्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को उक्त प्रवेश प्रकोष्ठ के गठन हेतु सहमति दी गयी। सभी महाविद्यालय विद्याथियों की सुविधा के दृष्टिगत उपरोक्त संदर्भित प्रवेश प्रकोष्ठ का गठन कर उसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश में आने वाली समस्याओं का निराकरण करायें तथा विद्यार्थियों को पंजीकरण एवं प्रवेश संबंधी कार्यों हेतु अन्यत्र न भेजा जाए। प्रत्येक महाविद्यालय अपने स्तर पर गठित प्रवेश प्रकोष्ठ के माध्यम से ही विद्यार्थियों के पंजीकरण एवं प्रवेश संबंधी समस्त कार्य संपादित कराए, जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक असुविधा न हो।

**4. विश्वविद्यालय अधिकारियों से समन्वय एवं संपर्क व्यवस्था**

प्रवेश प्रक्रिया को अधिक सुचारु एवं प्रभावी बनाने के लिए प्राचार्यों एवं प्रबंधकों द्वारा विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारियों से त्वरित एवं सरल संपर्क व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यक समन्वय एवं संवाद व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई।

**5. प्रवेश प्रक्रिया की गति के संबंध में**

कुछ प्राचार्यों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रवेश प्रक्रिया अपेक्षित गति से संचालित नहीं हो पा रही है, जिसका प्रमुख कारण CUET के परिणामों का अभी तक घोषित न होना है। इस तथ्य को संज्ञान में लेते हुए प्रवेश प्रक्रिया के समयबद्ध संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने पर चर्चा की गई।

अंत में माननीय कुलपति महोदय द्वारा सभी महाविद्यालयों से प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता, समयबद्धता एवं छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संचालित करने का आह्वान किया गया। साथ ही यह अपेक्षा व्यक्त की गई कि सभी महाविद्यालय समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपादित करने में विश्वविद्यालय प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे।

**कुलसचिव**

**पृ०सं०– संख्या व दिनांक उक्तवत् ।**

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मा० कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक, माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर।
3. वित्त अधिकारी, माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर।
4. समस्त प्राचार्य/प्रबंधक, संबद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, जनपद मीरजापुर एवं सोनभद्र।
5. प्रभारी, समर्थ पोर्टल, माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

**कुलसचिव**